प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

29.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– मेक इन इंडिया पहल के कारण विनिर्माण शक्ति केन्द्र बना भारत।
- समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देने के लिए प्रदेश पुलिस ने शिमला में किया हाफ मैराथन का आयोजन।
- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार जल्द शुरू करेगी नशा मुक्त हिमाचल अभियान।
- राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट–अप योजना के तहत 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेगी सरकार।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मेक इन इंडिया पहल के कारण भारत विनिर्माण शक्ति केन्द्र बन गया है। आकाशवाणी से आज मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस अभियान से निर्धन और मध्यम वर्ग सहित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को काफी लाभ हुआ है। इस अभियान ने प्रत्येक वर्ग के लोगों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने पौधरोपण के महा अभियान ''एक पेड़ मां के नाम'' में भाग लेने के लिए लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि पूरे समाज को इस अभियान के आश्चर्यजनक परिणाम मिले हैं। प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम के 10 वर्ष पूरा होने पर आकाशवाणी, दूरदर्शन और प्रसार भारती के कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि मन की बात के करोड़ों श्रोता इस यात्रा में उनके साथ रहे हैं और देश के प्रत्येक कोने से जानकारी उपलब्ध कराई है। इस वर्ष 2 अक्तूबर को 10 वर्ष पूरा कर रहे स्वच्छ भारत मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने इस मिशन को जन अभियान बनाने वाले लोगों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिशन की ये सफलता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रति एक सच्ची श्रद्धांजलि है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को आगामी त्योहारों के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। उन्होंने कहा कि नवरात्र से शुरू होकर अगले दो महीनों तक देश में पूजा–अर्चना, व्रत–उपवास और उत्सव–उल्लास का माहौल रहेगा।

मैराथन

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के रिज मैदान से आज हिमाचल पुलिस हाफ मैराथन को हरी झण्डी दिखाई। इस मैराथन में प्रतिभागियों ने नशामुक्त हिमाचल के लिए दौड़ लगाई और समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने हिमाचल प्रदेश को नशामुक्त बनाने के

लिए सभी से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस का ये प्रयास नशामुक्त हिमाचल के अभियान को घर–घर तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगा। राज्यपाल ने नशामुक्ति के लिए पंचायत स्तर पर कार्यक्रम चलाने पर बल दिया। इस बीच, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने मैराथन के विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा भी इस दौरान मौजूद रहे।

अभियान

प्रदेश में नशे की समस्या से निपटने के लिए सरकार जल्द ही नशामुक्त हिमाचल अभियान शुरू करने जा रही है। मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में बताया कि इस अभियान में नशे की रोकथाम, नशा करने वालों की शीघ्र पहचान और नशे से पीड़ित लोगों को वापस मुख्य धारा में लाने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए त्रिस्तरीय रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा कि सरकार नशे की आपूर्ति को तुरंत नियंत्रित करने और इसकी मांग को कम करने के लिए उचित रणनीतियों पर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नशामुक्त हिमाचल अभियान में विभिन्न सरकारी विभागों सहित सभी प्रमुख हितधारकों को शामिल किया जाएगा। अभियान में ज़मीनी जागरूकता कार्यक्रमों के साथ–साथ व्यापक प्रचार के लिए सोशल मीडिया को भी शामिल किया जाएगा।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि कांगड़ा ज़िले के ज्वाली विधानसभा क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तीसरे चरण में 9 सड़कों का उन्नयन किया जाएगा। इस कार्य पर करीब 76 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जाएगी। वे आज ज्वाली क्षेत्र में चेलियां से खब्बल सड़क के स्तरोन्नयन कार्य के शुभारम्भ पर बोल रहे थे। कृषि मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सड़कों के बेहतर रखरखाव के साथ नई सड़कों के निर्माण व उन्नयन कार्य में गुणवत्ता पर ज़ोर दे रही है। उन्होंने कहा कि ज्वाली विधानसभा क्षेत्र के हर गांव को सड़क सुविधा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

शांडिल

प्रदेश में राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट–अप योजना के पहले चरण में 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ा जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने आज सोलन ज़िले की नौणी मझगांव पंचायत में एक किसान मेले के समापन अवसर पर कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों को बेहतर मूल्य दिलवाने के लिए 10 नए किसान उत्पादक संगठन बनाए जाएंगे। इस वर्ष इस कार्य पर 50 करोड़ रूपए खर्च होंगे।

भाजपा

सोलन नगर निगम के वार्ड नम्बर 5 के उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमरजीत पांजा ने जीत हासिल की है। पार्टी ने इस जीत पर खुशी जताते हुए इसे एक बड़ी उपलब्धि बताया है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने इस जीत के लिए सोलन की जनता का आभार जताते हुए कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि ये सरकार की झूठी गारंटी और जनता पर

महंगाई के बोझ के खिलाफ वोट है। पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, सांसद सुरेश कश्यप सहित अन्य नेताओं ने भी इस जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार हर क्षेत्र का एक समान विकास कर रही है। शिमला ज़िले में ठियोग क्षेत्र के धंगाली में आज बिशु मेले के अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश आत्मनिर्भर राज्य बनने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने धंगाली में पंचायत भवन का भी लोकार्पण किया। स्थानीय विधायक कुलदीप राठौर भी इस दौरान मौजूद रहे।

मार्चपास्ट

कांगड़ा ज़िला मुख्यालय धर्मशाला में आज 25वीं राज्यस्तरीय वन खेलकूद व ड्यूटी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में मार्चपास्ट में धर्मशाला पहले स्थान पर रहा। इसी तरह 8 सौ मीटर की दौड़ के पुरूष वर्ग में मंडी के कुलविन्दर जबकि महिला वर्ग में नाहन की मनीषा ठाकुर पहले स्थान पर रही। मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने विजेताओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता में 8 सौ वन कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

परिषद्

भारत विकास परिषद् हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रांत स्तरीय भारत को जानो व राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आज कसौली के सनावर में करवाई गई। भारत को जानो प्रतियोगिता में डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल न्यू शिमला जबकि समूहगान में दयानन्द पब्लिक स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया।

शिक्षक संघ

हिमाचल प्रदेश व्यावसायिक शिक्षक संघ ने व्यावसायिक शिक्षा से कंपनियों को बाहर करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष अश्वनी डटवालिया और महासचिव नीरज बंसल ने शिमला में एक पत्रकार सम्मेलन में कहा कि यदि उनकी ये मांग पूरी नहीं की गई तो आगामी पहली नवम्बर से प्रदेश सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी वर्ष 2013 से लगातार शिक्षकों का शोषण कर रही हैं और उन्हें समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। इसके अलावा कंपनी व्यावसायिक शिक्षकों पर कंपनी के कार्यों को करने का अतिरिक्त बोझ भी डाल रही है।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– मेक इन इंडिया पहल के कारण विनिर्माण शक्ति केन्द्र बना भारत।
- समाज को नशामुक्त बनाने का संदेश देने के लिए प्रदेश पुलिस ने शिमला में किया हाफ मैराथन का आयोजन।

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा– राज्य सरकार जल्द शुरू करेगी नशा मुक्त हिमाचल अभियान।
- राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्ट–अप योजना के तहत 36 हज़ार किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ेगी सरकार।